'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2019-20-21
WPP Licence No.- U(C)-101/2019-2021
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 16.03.2019
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रकाशक : डॉ. उदित राज, चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23354841-42

Website : www.aiparisangh.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 22 ● अंक 6 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 मार्च, 2019

करे न्यायपालिका - भरे सरकार

20 मार्च, 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति/जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम में इतना परिवर्तन कर दिया किया कि अधिनियम बेदम हो गया। ज्ञात रहे कि यह अधिनियम एक विशेष श्रेणी का है, जो संसद ने बनाया और इसमें परिवर्तन केवल संसद ही कर सकती है, न कि न्यायपालिका। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के शिक्षक ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों की विश्वविद्यालय में भर्ती के संबंध में मुकदमा दायर किया, जिस पर न्यायपालिका ने एक नई नीति निर्धारित कर दी, जबकि उसके पास यह शक्ति प्रदान नहीं थी। दुर्भाग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर मुहर लगा दी और परिणामस्वरूप 5 मार्च, 2018 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक प्रपत्र जारी किया कि विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती विभाग स्तर पर होगी न कि विश्वविद्यालय। ये दोनो निर्णय असंवैधानिक, जातिवादी और भेदभावपूर्ण थे। जिसकी वजह से पूरे देश के दलितों और आदिवासियों में भारी आक्रोश पैदा हुआ और 2 अप्रैल, 2018 को भारत बंद का आवाहन हुआ। इस बंद से एक जातीय संघर्ष जैसी स्थिति पैदा हुई और इसका ठीकरा सरकार पर फूटा।

विवेकानंद तिवारी के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि विश्विद्यालय को इकाई न मानकर विभाग को शिक्षक भर्ती के लिए इकाई माना जाना चाहिए। हुआ यह था कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने

शिक्षक भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया था जिसको विवेकानंद तिवारी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी। जज विक्रमनाथ ने फैसला दिया कि आरक्षण लागू करने के लिए विभाग को इकाई माना जाए क्योंकि यह प्रावधान संविधान में सक्षम क्लाज के तहत है। न्यायाधीश महोदय भूल जाते हैं कि संविधान की धारा 335 में यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति एवं जन जाति का कोटा पूरा करना अनिवार्य है। इस निर्णय से सरकार की नीति में बदलाव आया जो हाई कोर्ट नहीं कर सकता। विभाग स्तर पर भर्ती में यह प्रावधान नहीं है कि कोटा पूरा करने के लिए दूसरे विभाग में ज्यादा पद इन वर्गों से भरे जाएं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि इससे आरक्षण पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में 12 मई 2017 को 1930 शिक्षक थे। अगर विश्वविद्यालय को इकाई माना जाए तो अनुसूचित जाति के शिक्षक की संख्या 289 बनती है और विभाग को अगर इकाई मान लिया जाता है तो यह घटकर 119 हो जाएगी। अनुसूचित जन जाति की 143 से घटकर 29 हो जाएगी और पिछड़ों की 310 से घटकर 220 हो जाएगी। भारत सरकार ने 20 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का अध्ययन किया तो पाया कि 2662 की जगह पर 1241 पद ही रह जाएंगें। अनुसूचित जाति का 134 प्रोफेसर के स्थान पर 4 रह जाएंगें। जन जाति को जहां 59 प्रोफेसर होने चाहिए वहां शून्य हो जाएगा और पिछड़ा वर्ग का 11 से शून्य हो जाएगा। इस तरह से सामान्य वर्ग के पद 732 से बढ़कर 932 हो जाएंगें। असिसटैंट प्रोफेसर की श्रेणी में अनुसूचित जाति का 264 से घटकर 48, जन जाति का 131 से घटकर 6 और पिछड़ा वर्ग का 29 से घटकर 14 । इसी तरह से एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर भी असर पड़ता है।

जब अनुसूचित जाति/जन जाति के लोग प्रोफेसर ही नहीं हो पाएंगें तो उन्हें वाइस चांसलर या उच्च पद पर जाने का मौका ही नहीं होगा। 2018 में कुल 496 केन्द्र और राज्य विश्वविद्यालयों में मात्र 6 अनुसूचित जाति, 6 जन जाति और 48 पिछड़े वर्ग से रहे हैं। सरकार बधाई की पात्र है कि अध्यादेश लाकर इस क्षति से बचाया। इतना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि और कुछ कदम उठाने हैं ताकि दलित, पिछड़े अल्पसंख्यक सभी को समुचित भागीदारी मिले। हार्वर्ड विश्वविद्यालय का नाम सुनते ही लोगों के कान खड़े हो जाते हैं लेकिन यह पता होना चाहिए कि वहां पर छात्र एवं शिक्षक सभी वर्गों से लिए जाते हैं। अमेरिका की इस नीति को अफर्मेटिव ऐक्शन कहते हैं, जबकि हमारे यहां आरक्षण कहा जाता है। भारत में यह अनिवार्य है जबकि वहां सलाह के रूप में है।

दुर्भाग्य है कि न्यायपालिका संसद से ज्यादा कानून बनाने लगी है, जबकि इनका कार्य यह है कि कानून जहां लागू न हो सके उसका पालन करवाएं। जन प्रतिनिधि जब कोई कानून बनाते हैं तो जनता की राय उसमें शामिल होती है, लेकिन जब जज बनाते हैं तो उनकी निजी राय हाबी हो जाती है और यही कारण है कि समाज में कटुता पैदा हो रही है। गलती करे न्यायपालिका और भुगते सरकार। इन दोनों मामलों में जनता ने सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश किया जबकि उसका कोई लेना-देना नहीं है। जब ये निर्णय आए तो उसका भारी विरोध हुआ और उसकी परिणति यह रही कि जातीय संघर्ष का रूप होने लगा। संविधान में विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र निर्धारित हैं। न्यायपालिका के द्वारा लगातार विधायिका और कार्यपालिका के क्षेत्र में अतिक्रमण हो रहा है, जिसकी वजह से तमाम सरकारी कार्यों में बाधा आ रही है, न्याय महंगा हो रहा है, वाजिब काम भी करने से लोग डर रहे हैं। राजनैतिक लोगों की आपसी लड़ाई का फायदा न्यायपालिका उठा रही है और जनता भी इस मामले में अनभिज्ञ है कि न्यायपालिका के भीतर क्या-क्या नहीं हो रहा है। आम आदमी हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा न्याय पाने के लिए नहीं खटखटा सकता है, क्योंकि वहां पर लाखों में फीस देनी पड़ती है। जजों ने फेस वैल्यू वाले वकील पैदा कर दिए हैं, जो दिन में एक करोड़ रूपये तक कमा लेते हैं। न्यायपालिका का काम न्याय करना होता है, न कि अन्याय। मैंने संसद में मुद्दा उठाया कि न्यायपालिका गरीब, दलित और पिछड़ा विरोधी है। दूसरे देशों की तरह हमारे यहां भी इस व्यवस्था के खिलाफ सड़क पर उतरना पड़ेगा, वरना वर्तमान व्यवस्था में न केवल समाज में कटुता पैदा होगी बल्कि बिना वजह सरकारें कटघरे में खड़ी की जाती रहेगीं।

+++

परिसंघ की बेबसाइट पर ऑनलाइन सदस्य बने एवं सहयोग राशि भेजें

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की बेबसाइट पर अब ऑनलाइन सदस्यता का प्रावधान कर दिया गया है। www.aiparisangh.com बेबसाइट पर जाकर कोई भी सदस्यता शुल्क की ऑनलाइन पेमेंट करके वार्षिक एवं आजीवन सदस्य बन सकता है। इस पर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि सभी माध्यमों से पेमेंट की जा सकती है। अब कोशिश रहे कि ज्यादातर ऑनलाइन ही किया जाए, फिर भी यदि सदस्यता फार्म और डोनेशन की रसीदें छपी हुई चाहिए तो **राष्ट्रीय कार्यालय में सुमित मो . 9868978306** से सम्पर्क किया जा सकता है।

परिसंघ के पदाधिकारियों से निवेदन है कि प्रयास करके अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाएं। यदि प्रदेश या जिले स्तर के पदाधिकारी अन्य लोगों को सदस्य बना रहे हैं तो वे फार्म में रेफर्ड बाई के कॉलम में अपना नाम अवश्य लिखें, इससे राष्ट्रीय कार्यालय को पता लग सकेगा कि किस पदाधिकारी द्वारा कितना ऑनलाइन डोनेशन कराया गया है और उनके माध्यम से कितने सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा बेबसाइट पर परिसंघ का संक्षिप्त परिचय, राष्ट्रीय अध्यक्ष का परिचय के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों के फोटो के साथ पता एवं मोबाइल नंबर भी दिया गया है, (http://aiparisangh.com/officebearers/) ताकि जो लोग अलग-अलग प्रदेशों से बेबसाइट देखें उन्हें पता लग सके कि उस प्रदेश के किस पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा 'वॉयस ऑफ बुद्धा' भी बेबसाइट पर जाकर पढ़ा जा सकता है।

समाजसुधारक सावित्रीबाई फुले

(जन्म : 3 जपवरी, 1831 मृत्यु 10 मार्च,1897)

सावित्रीबाई फुले, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका ही नहीं बल्कि वे एक अच्छी कवियित्री, अध्यापिका, समाजसेविका और पहली शिक्षाविद् भी थी। इसके अलावा उन्हें महिलाओं की मुक्तिदाता भी कहा जाता है। इन्होंने अपना पूरा जीवन में महिलाओं को शिक्षित करने में और उनका हक दिलवाने में लगा दिया। आपको बता दें कि महिलाओं को शिक्षा दिलवाने के लिए उन्हें काफी संघर्षो का भी सामना करना पड़ा, लेकिन वे हार नहीं मानी और बिना धैर्य खोए और पूरे आत्मविश्वास के साथ डटीं रहीं और सफलता हासिल की। इसके साथ ही आपको यह भी बता दें कि उन्होंने साल 1848 में पुणे में देश के पहले महिला स्कूल की भी स्थापना की। वहीं उन्हें अपने पति ज्योतिराव फुले के सहयोग से ही आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली क्योंकि ज्योतिबा अक्सर उन्हें आगे बढ़ने के लिए उनका एक अच्छे गुरु और संरक्षक की तरह हौसला अफजाई करते रहे। भारत की पहली महिला शिक्षिका, कर्मठ समाजसेवी जिन्होंने समाज के पिछड़े वर्ग खासतौर पर महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी काम किए। उन्हें उनकी मराठी कविताओं के लिए भी जाना जाता है।

सावित्रीबाई फुले की बायोग्राफी : भारत की महान समाजसेवी और प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सातारा जिले के नायगांव में 3 जनवरी 1831 को एक किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम खण्डोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था।

सावित्री फुले का विवाह : उस समय भारत में बाल विवाह की परम्परा थी, जिसका शिकार वह भी हुईं और उनकी शादी साल 1840 में महज 9 साल की छोटी सी उम्र में 12 साल के ज्योतिराव फुले के साथ करवा दी गई।

सावित्रीबाई फुले की शिक्षा : जब सावित्रीबाई की शादी हुई थी, उस समय तक वे पढ़ी-लिखी नहीं थी। शादी के बाद ज्योतिबा ने ही उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया। वहीं उन दिनों लड़कियों की दशा बेहद दयनीय थी यहां तक कि उन्हें शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति नहीं थी। वहीं सावित्रीबाई को शिक्षित करने के दौरान ज्योतिबा को काफी विरोध का सामना करना पड़ा, यहां तक की उन्हें उनके पिता ने रुढ़िवादिता और समाज के डर से घर से बाहर निकाल दिया लेकिन फिर भी ज्योतिबा ने सावित्रीबाई को पढ़ाना नहीं छोड़ा और उनका एडमिशन एक प्रशिक्षण स्कूल में कराया। समाज की तरफ से इसका काफी विरोध होने के बाद भी सावित्रीबाई ने अपनी पढ़ाई पूरी की। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद सावित्री बाई ने प्राप्त शिक्षा का इस्तेमाल अन्य महिलाओं को शिक्षित करने के लिए सोचा लेकिन यह किसी चुनौती से कम नहीं था क्योंकि उस समय समाज में लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई करवाने की अनुमति नहीं थी। जिसके लिए उन्होंने तमाम संघर्ष किए और इस रीति को तोड़ने के लिए सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिबा के साथ मिलकर साल 1848 में लड़कियों के लिए एक स्कूल की स्थापना भी की और यह भारत में लड़कियों के लिए खुलने वाला पहला महिला विद्यालय था। जिसमें कुल नौ लड़कियों ने एडमिशन लिया और सावित्रीबाई फुले इस स्कूल की प्रिंसिपल भी बनी। और इस तरह वे देश की पहली शिक्षिका बन गई।

सावित्रीबाई फुले कहा करती थीं : अब बिलकुल भी खाली मत बैठो, जाओ शिक्षा प्राप्त करो!

काफी संघर्षो के बाद भी छेड़ी महिला शिक्षा की मुहिम : वहीं थोड़े दिनों के बाद ही उनके स्कूल में दबी-पिछड़ी जातियों के बच्चे, खासकर लड़कियों की संख्या बढ़ती गई। वहीं इस दौरान उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, बताया जाता है कि जब वो पढ़ाने जाती थी, तो उनका रोजाना घर से विद्यालय जाने तक का सफर बेहद कष्टदायक होता था। दरअसल जब वो घर से निकलती थी तो धर्म के कथित ठेकेदारों द्वारा उनके ऊपर सड़े टमाटर, अंडे, कचरा, गोबर और पत्थर तक फेंकते थे यही नहीं उन्हें अभद्र गालियां देते थे यहां तक की उन्हें जान से मारने की धमकियां भी देते थे। लेकिन सावित्रीबाई यह सब चुपचाप सहती रहीं और महिलाओं को शिक्षा दिलवाने और उनके हक दिलवाने के लिए पूरी हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ डटीं रहीं। आपको बता दें कि काफी संघर्षो के बाद 1 जनवरी 1848 से लेकर 15 मार्च 1852 के बीच सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ बिना किसी आर्थिक मदद से ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को शिक्षित करने के मकसद से 18 स्कूल खोले। वहीं इन शिक्षा केन्द्र में से एक 1849 में पूना में ही उस्मान शेख के घर पर मुस्लिम स्त्रियों और बच्चों के लिए खोला था। इस तरह वे लगातार महिलाओं को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए काम करती रहीं। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए ब्रिटिश सरकार के शिक्षा विभाग ने 16 नवम्बर 1852 को उन्हें शॉल भेंटकर सम्मानित भी किया।

सती प्रथा का विरोध किया और विधवा पुर्नविवाह कर स्त्रियों की दशा सुधारी :- सावित्रीबाई फुले ने केवल महिला की शिक्षा पर ही ध्यान नहीं दिया बल्कि स्त्रियों की दशा सुधारने के लिए भी उन्होंने कई महत्वपूर्ण काम किए। उन्होंने 1852 में "महिला मंडल" का गठन किया और भारतीय महिला आंदोलन की वे पहली अगुआ भी बनीं। सावित्री बाई नें विधवाओं की स्थिति को सुधारने, और बाल हत्या पर भी काम किया। उन्होंने इसके लिए विधवा पुनर्विवाह की भी शुरुआत की और 1854 में विधवाओं के लिए आश्रम भी बनाया। इसके अलावा उन्होंने नवजात शिशुओं का आश्रम खोला ताकि कन्या भ्रूण हत्या को रोका जा सके। वहीं आज जिस तरह कन्या भ्रूण हत्या के केस लगातार बढ़ रहे हैं और यह एक बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है। वहीं उस समय सावित्रीबाई ने शिशु हत्या पर अपना ध्यान केन्द्रित कर उसे रोकने की कोशिश की थी। उनके द्वारा उठाया गया यह कदम काफी महत्वपूर्ण और सराहनीय हैं। वहीं इस दौरान सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर काशीबाई नामक एक गर्भवती विधवा महिला को आत्महत्या करने से भी रोका था और उसे अपने घर पर रखकर उसकी अपने परिवार के सदस्य की तरह देखभाल की और समय पर उसकी डिलीवरी करवाई। फिर बाद में सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने उसके पुत्र यशवंत को गोद लेकर उसको खूब पढ़ाया लिखाया और बड़ा होकर यशवंत एक मशहूर डॉक्टर भी बने। वहीं इसकी वजह से भी उन्हें काफी विरोध का सामना करना पड़ा था लेकिन सावित्रीबाई रुढिवादिता से खुद को दूर रखती थी और समाज के कल्याण और महलिाओं के उत्थान के काम करने में लगी रहती थी।

दलितों के उत्थान के लिए किए काम :- महिलाओं के हित के बारे में सोचने वाली और समाज में फैली कुरोतियों को दूर करने वाली महान समाज सुधारिका सावित्रीबाई ने दलित वर्ग के उत्थान के लिए भी कई महत्वपूर्ण काम किए। उन्होंने समाज के हित के लिए कई अभियान चलाए। वहीं समाज के हित में काम करने वाले उनके पति ज्योतिबा ने 24 सितंबर 1873 को अपने अनुयायियों के साथ 'सत्यशोधक समाज' नामक एक संस्था का निर्माण किया। जिसके अध्यक्ष वह ज्योतिबा फुले खुद रहे जबकि इसकी महिला प्रमुख सावित्रीबाई फुले को बनाया गया था। आपको बता दें कि इस संस्था की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य शूद्रों और अति शूद्रों को उच्च जातियों के शोषण और अत्याचारो से मुक्ति दिलाकर उनका विकास करना था ताकि वे अपनी सफल जिंदगी व्यतीत कर सकें। इस तरह महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वारा खोलने वाली सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिबा के हर काम में कंधे से कंधे मिलाकर सहयोग किया।

कवयित्री के रूप में सावित्रीबाई फुले :- भारत की पहली शिक्षिका और समाज सुधारिका के अलावा वे एक अच्छी कवियित्री भी थी जिन्होंने दो काव्य पुस्तकें लिखी थी जिनके नाम नीचे लिखे गए हैं।

'काव्य फुले'
'बावनकशी सुबोधरत्नाकर'

बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के लिए वे कहा करती थीं-

''सुनहरे दिन का उदय हुआ
आओ प्यारे बच्चों आज
हर्ष उल्लास से तुम्हारा स्वागत
करती हूं आज''

सावित्रीबाई की मृत्यु :- अपने पति ज्योतिबा की मौत के बाद भी उन्होंने समाज की सेवा करना नहीं छोड़ा। इस दौरान साल 1897 में पुणे में ''प्लेग'' जैसी जानलेवा बीमारी काफी खतरनाक तरीके से फैली, तो इस महान समाजसेवी ने इस बीमारी से पीड़ित लोगों की निच्छल तरीके से सेवा करनी शुरु कर दी और रात-दिन वह मरीजो की सेवा में लगी रहती थी, और इसी दौरान वो खुद भी इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ गई और 10 मार्च 1897 में उनकी मृत्यु हो गई। तमाम तरह की परेशानियों, संघर्षो और समाज के प्रबल विरोध के बावजूद भी सावित्रीबाई ने महिलाओं को शिक्षा दिलवाने और उनकी स्थिति में सुधारने में जिस तरह से एक लेखक, क्रांतिकारी, समाजिक कार्यकर्ता बनकर समाज के हित मे काम किया वह वाकई सरहानीय है। वहीं महिला शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा केंद्र और महाराष्ट्र सरकार ने सावित्रीबाई फुले की स्मृति में कई पुरस्कारों की स्थापना की है और उनके सम्मान में एक डाक टिकट भी जारी किया गया है। उनके द्वारा समाज में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और इसके लिए हमारा देश उनका हमेशा कर्जदार रहेगा। भारत की ऐसी क्रांतिकारी और महान समाजसेविका को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित करती हैं और उन्हें शत-शत नमन करती है।

https://www.gyanipandit.com/savitribai-phule-information-in-hindi-with-biography/

✦✦✦

महाड़ सत्याग्रह के नब्बे साल : जब पानी में आग लगी थी

डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में चलाया गया महाड सत्याग्रह शूद्रो-अतिशूद्रों के संघर्षो के इतिहास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके माध्यम से ब्राह्मणवाद-मनुवाद को खुली चुनौती दी गई थी। इस सत्याग्रह के नब्बे वर्ष पूरे हो रहे हैं। क्या है इसकी ऐतिहासिक मह्ता, क्या है इसकी प्रासंगिकता बता रहे हैं, सुभाष गाताडे :

भारत के सामाजिक आन्दोलन में महाड़ क्रान्ति दिवस के नाम से जाने जाते चवदार तालाब के ऐतिहासिक सत्याग्रह को तथा उसके दूसरे दौर में मनुस्मृति दहन की चर्चित घटना को दलित शोषितों के विमर्श में वही स्थान, वही दर्जा प्राप्त है जो हैसियत फ्रांसिसी क्रांति की यादगार घटनाओं से सम्बन्ध रखती है। यूं कहने के लिए तो उस दिन दलितों ने और ऐसे तमाम लोगों ने जो अस्पृश्यता की समाप्ति के लिए संघर्षरत थे, महज तालाब का पानी पिया था लेकिन रेखांकित करनेवाली बात यह थी कि इस छोटे से दिखनेवाले इस कदम के जरिये उन्होंने हजारों साल से जकड़ बनायी हुई ब्राहमणवादी व्यवस्था के खिलाफ बगावत का ऐलान किया था। जानवरों को भी जिस तालाब पर जाने की मनाही नहीं थीं, वहां पर इन्सानियत के एक हिस्से पर धर्म के नाम पर सदियों से लगायी गयी इस पाबंदी को तोड़ कर वह सभी नयी इबारत लिख रहे थे। यह अकारण नहीं कि महाड़ सत्याग्रह के बारे में मराठी में गर्व से कहा जाता है कि वही घटना 'जब पानी में आग लगी थी' उसने न केवल दलित आत्मसम्मान की स्थापना की बल्कि एक स्वतंत्रत राजनीतिक सामाजिक ताकत के तौर पर उनके भारतीय जनता के बीच अपने आगमन का संकेत दिया था। दलितों द्वारा खुद अपने नेतृत्व में की गयी यह मानवाधिकारों की घोषणा एक ऐसा हुंकार था जिसने भारत की सियासी तथा समाजी हलचलों की शक्लोसूरत हमेशा के लिए बदल दी।

एक हिन्दू पुरुष या स्त्री, जो कुछ भी वह करते हैं, वह धर्म का पालन कर रहे होते हैं। एक हिन्दू धार्मिक तरीके से खाना खाता है, पानी पीता है, धार्मिक तरीके से नहाता है या कपड़े पहनता है, धार्मिक तरीके से ही पैदा होता है, शादी करता है और मृत्यु के बाद जला दिया जाता है। उसके सभी काम पवित्र काम होते हैं। एक धर्मनिरपेक्ष नजरिये से वह काम कितने भी गलत क्यों न लगें, उसके लिए वह पापी नहीं होते क्योंकि उन्हें धर्म के द्वारा स्वीकृति मिली होती है। अगर कोई हिन्दू पर पाप करने का आरोप लगाता है, उसका जवाब होता है, 'अगर मैं पाप करता हूं, तो मैं धार्मिक तरीके से ही पाप करता हूं।'

('द अनटचेबल्स एण्ड द पॅक्स ब्रिटानिका' डाक्टर भीमराव अम्बेडकर)

वह तीस का दशक था जिसने ऐतिहासिक महाड सत्याग्रह को एक पृष्ठभूमि प्रदान की। सभी जानते हैं कि देश और दुनिया के पैमाने पर यह एक झंझावाती काल था। महान सर्वहारा अक्तूबर क्रांति के पदचाप भारत में भी सुनाई दे रहे थे। नये आधार पर एक नयी कम्युनिस्ट पार्टी बनाने की योजनाएं आकार ग्रहण कर रही थीं। यही वह काल था जब गांधी के नेतृत्ववाली कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग ने असहयोग आन्दोलन में जोरदार हिस्सा लिया था। जातिप्रथा की मुखालिफत करते हुए देश के अलग अलग हिस्सों में राजनीतिक सामाजिक हलचलें भी इन दिनों तेज हो रही थीं। पतुआखली, वैकोम आदि स्थानों पर होनेवाले सत्याग्रहों के जरिये ब्राहमणवाद तथा जातिप्रथा की जकड़न को चुनौती दी जा रही थी। यही वह दौर था जब असहयोग आन्दोलन की असमय समाप्ति के बाद देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ने के मसले सामने आने लगे थे और हिन्दू तथा मुस्लिम साम्प्रदायिक संगठनों की गतिविधियों में तेजी देखी गयी थी। इसी पृष्ठभूमि में वर्ष 1923 में बम्बई विधान परिषद् में रावसाहेब बोले की पहल पर यह प्रस्ताव पारित हुआ कि सार्वजनिक स्थानों पर दलितों के साथ होने वाले भेदभाव पर रोक लगायी जाये। बहुमत से पारित इस प्रस्ताव के बावजूद तीन साल तक यह प्रस्ताव कागज पर ही बना रहा। उसके न अमल होने की स्थिति में 1926 में जनाब बोले ने नया प्रस्ताव रखा कि सार्वजनिक स्थानों, संस्थानों द्वारा इस पर अमल न करने की स्थिति में उनको मिलने वाली सरकारी सहायता राशि में कटौती की जाय।

विलायत से अपनी पढ़ाई पूरी करके लौटे बाबासाहेब आम्बेडकर दलितों शोषितों के बीच जागृति तथा संगठन के काम में जुटे थे, उन्हीं दिनों महाड़ तथा आसपास के कोंकण के इलाके के दलितों के बीच सक्रिय लोगों ने एक सम्मेलन की योजना बनायी तथा उसके लिए डॉ. अंबेडकर को आमंत्रित किया। इस सम्मेलन के प्रमुख संगठनकर्ता थे रामचंद्र बाबाजी मोरे (1903-1972) जिन्होंने अपनी सामाजिक गतिविधियों से पहले से इलाके में अलग पहचान बनायी थी और उनकी अगुआई में कुछ माह पहले ही क्राफोर्ड तालाब सत्याग्रह का आयोजन हुआ था जिसमें सार्वजनिक जल स्रोतों पर दलितों के समान अधिकार का दावा रेखांकित किया गया था। बाद में रामचंद्र मोरे कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सक्रिय हुए और मुंबई की ऐतिहासिक गिरणी कामगार यूनियन के संस्थापक सदस्य बने। इसे संयोग कहा जाना चाहिए कि महाड़ ही वह भूमि थी जहाँ पर बाबासाहेब के पूर्ववर्ती महात्मा फुले द्वारा स्थापित सत्यशोधक समाज के दलित समाज के अग्रणी कार्यकर्ता गोपालबुवा वलंगकर ने अपने जनजागृति की शुरूआत की थी। महाड़ उसी कोंकण का इलाका है जहां के एक गांव के स्कूल में बाबासाहब का बचपन बीता था। तीसरा अहम संयोग यह था कि बम्बई विधानपरिषद के प्रस्ताव के बाद महाड़ नगरपालिका ने अपने यहां एक प्रस्ताव पारित कर अपने यहां के तमाम सार्वजनिक स्थान दलितों के लिए खुले करने का निर्णय लिया था। महाड़ के वीरेश्वर थिएटर में हो रहे इस सम्मेलन में लगभग तीन हजार लोग एकत्रित थे जिनमें महिलाएं भी भारी संख्या में उपस्थित थीं। गं.नी. सहस्त्रबुद्धे, अनंत चित्रे, शंकरभाई धारिया, तुलजाभाई, सुरेन्द्रनाथ टिपणीस जैसे समाज सुधारों के लिए अनुकूल सवर्ण भी शामिल थे। ये वही सुरेन्द्रनाथ टिपणीस थे जिन्होंने महाड़ नगरपालिका द्वारा प्रस्ताव पारित कराने में पहल ली थी। सवर्णो की इस उपस्थिति के दो निहितार्थ थेरू एक पहलू यह था कि जातिभेद के उन्मूलन के लिए या समाज सुधार के लिए इनमें से एक छोटा तबका तत्पर था तथा उन्हें बाबासाहब के नेतृत्व पर भी यकीन था। दूसरे बाबासाहेब का अपना दृष्टिकोण सर्वसमावेशी था तथा वे ब्राहमणवाद की समाप्ति के लिए सभी तरह के लोगों को साथ लेकर चलने के लिए तैयार थे। सम्मेलन के अपने धारदार भाषण में बाबासाहब ने सदियों से चली आ रही ब्राहमणवाद की गुलामी की मानसिकता से विद्रोह करने के लिए दलितों तथा अन्य शोषितों का आवाहन किया। महाड़ सत्याग्रह की चर्चित घोषणा में उन्होंने कहा कि? ''तीन चीजों का तुम्हें परित्याग करना होगा। उन कथित गंदे पेशों को छोड़ना होगा जिनके कारण तुम पर लांछन लगाये जाते हैं। दूसरे, मरे हुए जानवरों का मांस खाने की परम्परा को भी छोड़ना होगा। और सबसे अहम है कि तुम उस मानसिकता से मुक्त हो जाओ कि तुम 'अछूत' हो ।''

उनका यह भी कहना था कि ?

''क्या यहां हम इसलिये आये हैं कि हमें पीने के लिए पानी मयस्सर नहीं होता है ? क्या यहां हम इसलिये आये हैं कि यहां के जायकेदार कहलानेवाले पानी के हम प्यासे हैं ? नहीं, दरअसल इन्सान होने का हमारा हक जताने हम यहां आये हैं ।'' सम्मेलन की औपचारिक समाप्ति तथा धन्यवाद ज्ञापन के बाद जिसे महाड़ के सामाजिक कार्यकर्ता अनंत चित्रे ने रखा, उन्होंने बाद में सम्मेलन को सम्बोधित किया और लोगों का आवाहन किया कि प्रस्तुत सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण काम को अंजाम दिए बिना पूरा नहीं समझा जाना चाहिए। उनका कहना था कि समाज में जारी छूआछूत की प्रथा के चलते आज भी इलाके के दलितों को चवदार तालाब दृ जो सार्वजनिक तालाब है उसमें से पानी लेने नहीं दिया जाता। महाड़ नगरपालिका द्वारा इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित किए जाने के बावजूद वह कागज पर ही बना हुआ है। अगर यह सम्मेलन इस प्रथा की समाप्ति के लिए आगे आता है तो यह कहा जा सकेगा कि इसने एक महत्वपूर्ण कार्यभार पूरा किया। चित्रे के चंद शब्दों ने पूरे जनसमूह को आंदोलित किया और वह डॉ अंबेडकर की अगुआई में कतारबद्ध होने लगे। 20 मार्च की तपती दुपहरिया में लगभग चार हजार की तादाद में वहां जमा जनसमूह ने चवदार तालाब की ओर कूच किया । समूचे महाड़ नगर में उनका अनुशासित जुलूस आगे बढ़ा। जुलूस में शामिल लोग नारे लगा रहे थे 'महात्मा गांधी की जय', 'शिवाजी महाराज की जय', 'समानता की जय'।

जुलूस तालाब पर जाकर रुका और फिर सबसे पहले अम्बेडकर ने अपनी अंजुरी भर पानी पिया और फिर जुलूस में शामिल हजारों लोगों ने पानी पीया। गौरतलब है कि इस ऐतिहासिक सत्याग्रह में गैरब्राहमण आन्दोलन के शीर्षस्थ नेताओं के साथ साथ मेहनतकशों के आन्दोलन से जुड़े क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी शामिल थे । अछूतों द्वारा चवदार तालाब पर पानी पीने की घटना से बौखलाये सवर्णो ने यह अफवा फैला दी कि चवदार तालाब को अपवित्र करने के बाद ये 'अछूत' वीरेश्वर मन्दिर पर धावा बोलनेवाले हैं। पहले से ही तैयार सवर्ण युवकों की अगुआई में सभा स्थल पर लगे तम्बू कनात पर हमला करके कई लोगों को घायल किया गया। दलितों के इस ऐतिहासिक विद्रोह के प्रति मीडिया की प्रतिक्रिया में भी उसके जातिवादी आग्रह साफ दिख रहे थे। कई सारे समाचार पत्रों ने डॉ. आम्बेडकर के इस बागी तेवर के खिलाफ आग उगलना शुरू किया। 'भाला' नामक अख़बार जो सनातनी हिन्दुओं का पक्षधर था उसने 28 मार्च को दलितों को सम्बोधित करते हुए लिखा : ''.. आप लोग मन्दिरों और जलाशयों को छूने की कोशिशें तुरंत बन्द कीजिये। और अगर ऐसा नहीं किया गया तो हम तुम लोगों को सबक सीखा देंगे।''

इसके जवाब में बाबासाहब ने लिखा कि:

'' ..जो हमें सबक सीखाने की बात कर रहे हैं हम उनसे भी निपट लेंगे ।..''

बहरहाल जिस तरह का आलम था उसके इस बात की जरूरत महसूस की गयी कि अपनी बात जनमानस तक पहुंचाने के लिए एक स्वतंत्र अख़बार होना चाहिए। पहले निकाले जाते रहे अख़बार 'मूकनायक' का प्रकाशन बन्द हो चुका था। इस जरूरत को पूरा करने के लिए सत्याग्रह की समाप्ति के बाद बम्बई लौटने पर चन्द दिनों के अन्दर ही 'बहिष्कृत भारत' नामक अखबार का प्रकाशन शुरू किया गया। प्रवेशांक निकला था 3 अप्रैल 1927 को। अपने इस अखबार के जरिये न केवल नवोदित दलित आन्दोलन ने उसके खिलाफ शुरू हो रहे अनर्गल प्रचार का जवाब देने की कोशिश की बल्कि सकारात्मक ढंग से अपनी समूची परियोजना को भी लोगों के सामने रखने के काम की शुरूआत की।

22 अप्रैल के अंक में बाबासाहब ने लिखा :

''...महात्मा गांधी की तरह आज तक हम लोग भी यही मानते आये थे कि अस्पृश्यता यह हिन्दूधर्म के ऊपर लगा कलंक है। लेकिन अब हमारी आंखें खुली हैं और हम समझ रहे हैं कि यह हमारे शरीर पर लगा कलंक है। जब तक हम इसे हिन्दूधर्म पर लगा कलंक समझते थे तब तक इस काम को हमने आप लोगों पर सौंपा था लेकिन अब हमें इस बात का एहसास हुआ है कि यह हमारे शरीर पर लगा कलंक है तो इसे खत्म करने के पवित्र काम को हमने खुद स्वीकारा है। महाड़ सत्याग्रह का दूसरा चरण पहले जितना ही क्रांतिकारी था। यह महसूस किया गया था कि यूं तो कहने के लिए महाड़ सत्याग्रह के अन्तर्गत 'चवदार तालाब' पर पानी पीने या छूने के लिए दलितों पर लगायी गयी सामाजिक पाबंदी तोड़ दी गयी थी लेकिन अभी भी यह लड़ाई तो अधूरी ही रह गयी है। घटना के दूसरे ही दिन महाड़ के सवर्णो ने 'अछूतों' के स्पर्श से 'अपवित्र' हो चुके चवदार तालाब के शुद्धीकरण को अंजाम दिया था। घटना के चन्द दिनों के बाद महाड़ नगरपालिका ने अपनी एक बैठक में अपने पहले प्रस्ताव को वापस लिया था। तथा महाड़ के चन्द सवर्णो ने अदालत में जाकर यह दरखास्त दी थी कि यह 'चवदार तालाब' दरअसल 'चौधरी तालाब' है और यह कोई सार्वजनिक स्थान नहीं है। गौरतलब है कि अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार की थी और फैसले के लिए अगली तारीख मुकर्रर की थी। तय किया गया कि 25-26 दिसम्बर को महाड़ सत्याग्रह के अगले चरण को अंजाम दिया जाएगा। उसके लिए हैण्डबिल प्रकाशित किये गये तथा उसकी तैयारी के लिए जगह-जगह सम्मेलन भी आयोजित किये गये। बम्बई में इसी के लिए आयोजित एक सभा में 3 जुलाई 1927 को बाबासाहब ने कहा ''.. सत्याग्रह का अर्थ लड़ाई। लेकिन यह लड़ाई तलवार, बंदूकों, तोप तथा बमगोलों से नहीं करनी है बल्कि हथियारों के बिना करनी है। जिस तरह पतुआखली, वैकोम जैसे स्थानों पर लोगों ने सत्याग्रह किया उसी तरह महाड़ में हमें सत्याग्रह करना है। इस दौरान सम्भव है कि शान्तिभंग के नाम पर सरकार हमें जेल में डालने के लिए तैयार हो इसलिये जेल जाने के लिए भी हमें तैयार रहना होगा।.. सत्याग्रह के लिए हमें ऐसे लोगों की जरूरत है जो निर्भीक तथा स्वाभिमानी हों। अस्पृश्यता यह अपने देह पर लगा कलंक है और इसे मिटाने के लिए जो प्रतिबद्ध हैं वही लोग सत्याग्रह के लिए अपने नाम दर्ज करा दें। 27 नवम्बर के अपने लेख में बाबासाहब ने सरकार को यह भी चेतावनी दी कि उसके साथ न्याय के रास्ते में अगर बाधाएं खड़ी की गयीं तो वह अपनी समस्या को दुनिया के सामने रखने में भी नहीं हिचकेगा।''... सरकार कितने लोगों को जेल भेजेगी ? कितने दिन जेल में रखेगी ?... शान्तिभंग के नाम पर अगर

शेष पृष्ठ 5 पर

महिला सशक्तिकरण को ''फ्रीडम अवार्ड्स'' का सलाम

10 मार्च 2019, आज उत्तर-पश्चिम दिल्ली सांसद डॉ. उदित राज एवं बुद्धा एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से लगभग 2000 महिला प्रतिनिधियों ने रॉयल पेपर बैंक्वेट हॉल, पीरागढ़ी, नई दिल्ली पर विशाल सम्मलेन में भाग लिया और अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । दशकों बीत गए फिर भी जितनी भागीदारी, सम्मान और आर्थिक निर्भरता महिला समाज में होना चाहिए वह सपना ही बनकर रह गया है, इस सम्मेलन में विशेष रूप से महिलाओं की स्वतंत्रता का विषय रहा है । लड़कियां, महिलायें पढने-लिखने के बावजूद विभिन्न क्षेत्र जैसे आर्थिक, राजनैतिक, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि में योगदान नही दे पा रही हैं क्योंकि स्वतंत्रता का अभाव है । इस अवसर पर उन महिलाओं को "फ्रीडम अवार्ड" से सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है । भारतीय समाज की समस्याएं अमेरिका और यूरोप या अन्य देशों से भिन्न है, हमारे समाज में आर्थिक परतंत्रता से ज्यादा कहीं सड़े-गले रीति-रिवाजों से है । मानसिक रूप से जितना शोषण महिलाओं का हमारे समाज में होता है उतना आर्थिक नही, पढ़ी-लिखी एवं सक्षम महिलायें भी आजादी के अभाव में अपनी क्षमता का उपयोग कर नही पाती हैं । लगातार सीबीएससी के 10वीं और 12वीं कक्षा में लड़कियां लड़कों से ज्यादा अच्छा कर रही हैं और यह उदाहरण समझने को काफी है कि जहाँ पर पुरुषवादी सोंच अवरोध नही बनती है वहां पर ये किसी से कम नही हैं । पढाई-लिखाई और परीक्षा की तैयारी, स्कूल या घर में की जाती है जहाँ पर सुरक्षा की समस्या नही है, इसलिए लड़कों से बेहतर करती है लेकिन व्यवहारीक और बाहरी दुनिया में किसी समय आना-जाना पड़ता है, कार्यस्थल पर भी पुरुषवादी सोंच होती है और इसके अलावा, तमाम रीति-रिवाज के बंधन भी आ खड़े होते हैं इसलिए आजाद रूप से न काम करने के वजह से पिछड़ जाती हैं

डॉ. उदित राज अपनी पत्नी सीमा राज जी के साथ विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को फ्रीडम अवार्डस से सम्मानित करते हुए।

बुद्धा एजुकेशन फाउंडेशन उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा में लगभग 11, 000 महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दे चुका है । इसके अतिरिक्त घर पर ही जॉब वर्क उपलब्ध कराया जाता है ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो सके। वर्तमान में 10,000 लोगों का पूरा हेल्थ चेक अप का अभियान चलाया जा रहा है । खामपुर और झीमरपुर के उन घरों में जहाँ शौचालय नही था वहां सुविधा देकर के स्वच्छ भारत के उद्देश्य को पूरा किया । उन स्कूलों में जहाँ प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, पानी आदि पीने की सुविधा नही थी वहां पर मुहैया कराया । सिलाई-कढाई केंद्र भी चल रहे हैं। बुद्धा एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने कहा कि "भारत जब तक विकसित देशों की श्रेणी में नही जबतक कि महिलाओं की भागीदारी बढती नही है । भारत में महिलाओं का कुल घरेलू सकल उत्पाद में 17 प्रतिशत योगदान है, जो बहुत कम है । जहाँ तक लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट है वह भी बेहद निराशाजनक है, सन 2004 में 35 प्रतिशत हुआ करता था जो घटकर 25 प्रतिशत हो गया अतः हर क्षेत्र में चिंताजनक स्थिति दिखाई पड़ती है।

इस विशाल सम्मेलन की तैयारी में श्री गौरव ग्रोवर, श्रीमती रचना शर्मा, श्रीमती सुप्रीत राज का विशेष सहयोग रहा है। हम उनको भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने फ्रीडम अवार्ड्स पाने वालों का मनोबल बढ़ाने के लिए उपहार दिए जैसे केवीआई फैशन हाउस से श्रीमती जसमीत कौर, वेलवेट बैग्स से नकुल गांधी, अल्प से श्रीमती भारती तनेजा आदि । उन्होंने अपने क्षेत्र में अद्वितीय सहयोग दिए हैं।

महाड़ सत्याग्रह के नब्बे साल.....

पृष्ठ 3 का शेष

सरकार हमारे न्याय अधिकारों के आड़े आएगी तो हम सुधरे हुए देशों का जो राष्ट्रसंघ बना है उसके पास फरियाद करके सरकार के अन्यायी रूख को बेपद करेंगे। 25 दिसम्बर को चार बजे हजारों जनसमूह की भीड़ के बीच सम्मेलन की शुरूआत हुई। प्रस्तुत सम्मेलन के लिए महज महाड़ और उसके आसपास से ही नहीं बल्कि समूचे महाराष्ट्र से जातिभेद का उन्मूलन में रूचि रखनेवाले लोग जुटे थे। समूचे मण्डप में अलग अलग नारे लिख कर लगाये गये थे। गांधी के नेतृत्व के बारे में दलित आन्दोलन में तब तक व्याप्त मोह की झलक इस बात से भी मिल रही थी कि वहां महज एक ही तस्वीर लटकी थी और वह थी गांधी की। सम्मेलन के शुरूआत में उन बधाई सन्देशों को पढ़ कर सुनाया गया जो जगह जगह से आये थे। इसमें एक महत्वपूर्ण सन्देश था लोकमान्य तिलक के सुपुत्र श्रीधर तिलक का जो जातिभेद उन्मूलन के काम में लगे थे तथा इसके लिए एक अलग संस्था बना कर काम कर रहे थे।

सम्मेलन के अपने शुरूआती वक्तव्य में बाबासाहेब ने प्रस्तुत सत्याग्रह परिषद का उद्देश्य स्पष्ट किया '' अन्य लोगों की तरह हम भी इन्सान है इस बात को साबित करने के लिए हम तालाब पर जाएंगे। अर्थात यह सभा समता संग्राम की शुरूआत करने के लिए ही बुलायी गयी है। आज की इस सभा और 5 मई 1789 को फ्रांसीसी लोगों की क्रांतिकारी राष्ट्रीय सभा में बहुत समानताएं हैं। .. इस राष्ट्रीय सभा ने राजा-रानी को सूली पर चढ़ाया था, सम्पन्न तबकों के लिए जीना मुश्किल कर दिया था, उनकी सम्पत्ति जब्त की थी । 15 साल से ज्यादा समय तक समूचे यूरोप में इसने अराजकता पैदा की थी ऐसा इस पर आरोप लगता है। मेरे खयाल से ऐसे लोगों को इस सभा का वास्तविक निहितार्थ समझ नहीं आया।.. इसी सभा ने 'जन्मजात मानवी अधिकारों को घोषणापत्र जारी किया था.. इसने महज फ्रान्स में ही क्रान्ति को अंजाम नहीं दिया बल्कि समूची दुनिया में एक क्रांति को जनम दिया ऐसा कहना अनुचित नहीं होगा''

उन्होंने अपील की थी इस सभा को फ्रेंच राष्ट्रीय सभा का लक्ष्य अपने सामने रखना चाहिए..'' हिन्दुओं में व्याप्त वर्णव्यवस्था ने किस तरह विषमता और विघटन के बीज बोये हैं इस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ''समानता के व्यवहार के बिना प्राकृतिक गुणों का विकास नहीं हो पाता उसी तरह समानता के व्यवहार के बिना इन गुणों का सही इस्तेमाल भी नहीं हो पाता। एक तरफ से देखें तो हिन्दू समाज में व्याप्त असमानता व्यक्ति का विकास रोक कर समाज को भी कुंठित करती है और दूसरी तरफ यही असमानता व्यक्ति में संचित शक्ति का समाज के लिए उचित इस्तेमाल नहीं होने देती। ..''सभी मानवों की जनम के साथ बराबरी की घोषणा करता हुआ मानवी हकों का एक ऐलाननामा भी सभा में जारी हुआ। सभा में चार प्रस्ताव पारित किये गये जिसमें जातिभेद के कायम होने के चलते स्थापित विषमता की भर्त्सना की गयी तथा यह भी मांग की गयी कि धर्माधिकारी पद पर लोगों की तरफ से नियुक्ति हो। इसमें से दूसरा प्रस्ताव मनुस्मृतिदहन का था जिसे सहस्त्राबुद्धे नामक एक ब्राहमण जाति के सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रस्तुत किया था। प्रस्ताव में कहा गया था कि ''शूद्र जाति को अपमानित करने वाली उसकी प्रगति को रोकने वाली उसके आत्मबल को नष्ट कर उसके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गुलामी को मजबूती देने वाली मनुस्मृति के श्लोकों को देखते हुए ऐसे जनद्रोही और इन्सान विरोधी ग्रंथ को हम आज आग के हवाले कर रहे हैं।''

शाम को सभा-स्थान पर पहले से तैयार किये गये एक यज्ञकुण्ड में मनुस्मृति को आग के हवाले किया गया। यज्ञकुण्ड के आसपास 'अस्पृश्यता नष्ट करो' 'पुरोहितशाही का विध्वंस करो' जैसे बैनर लगे थे। सभा के दूसरे दिन स्थानीय कलेक्टर ने अदालत की ओर से जारी उस स्थगनादेश की प्रतियां सम्मेलन को सौंपी जिसमें कहा गया था कि 'फिलहाल तालाब पर यथास्थिति बनायी रखी जाय अर्थात् उसमें दलितों को वहां का पानी छूने से मना किया गया था। निश्चित ही वह एक बेहद उलझन का समय था। एक तरफ सत्याग्रहियों का विशाल जनसमूह था जो 'चवदार तालाब पर सत्याग्रह के लिए तैयार था और जिसके लिए जेल जाने के लिए भी तैयार था दूसरी तरफ था सरकार का वह आदेश जिसके तहत इस पर पाबंदी लगा दी गयी थी। रात भर विचार-विमर्श चलता रहा। अन्त में सत्याग्रह स्थगित करने का कटु फैसला लिया गया। 27 दिसम्बर के अपने भाषण में डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि मुझे आपकी ताकत का अन्दाजा है । लेकिन अपनी शक्ति का उपयोग समय स्थान देख कर किया जाना चाहिये ऐसा मुझे लगता है। सवर्णों ने सब तरफ से दमन का चक्र चलाया है। व्यापारियों ने बाजार बन्द किया है। भूस्वामी (खोत) खेत नहीं दे रहे हैं। किसान लोग जानवरों को उठा ले जा रहे हैं।'' इसके बाद बाबा साहेब ने विशेषकर महिलाओं को सम्बोधित करते हुए लम्बा वक्तव्य दिया जिसमें उन्हें सामाजिक समता लाने की लड़ाई में जोरों से आगे आने की अपील की गयी थी।

भारतीय चुनाव प्रक्रिया

सी.एल. मौर्य

चुनाव लोकतंत्र का आधार स्तम्भ हैं। आज़ादी के बाद से भारत में चुनावों ने एक लंबा रास्ता तय किया है।

1951-52 को हुए आम चुनावों में मतदाताओं की संख्या 17,32,12,343 थी, जो 2014 में बढ़कर 81,45,91,184 हो गई है।(1) 2004 में, भारतीय चुनावों में 670 मिलियन मतदाताओं ने भाग लिया (यह संख्या दूसरे सबसे बड़े यूरोपीय संसदीय चुनावों के दोगुने से अधिक थी) और इसका घोषित खर्च 1989 के मुकाबले तीन गुना बढ़कर +300 मिलियन हो गया। इन चुनावों में दस लाख से अधिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल किया गया।(2) 2009 के चुनावों में 714 मिलियन मतदाताओं ने भाग लिया (3) (अमेरिका और यूरोपीय संघ की संयुक्त संख्या से भी अधिक) (4) मतदाताओं की विशाल संख्या को देखते हुए चुनावों को कई चरणों में आयोजित किया जाना आवश्यक हो गया है (2004 के आम चुनावों में चार चरण थे और 2009 के चुनावों में पांच चरण थे)। चुनावों की इस प्रक्रिया में चरणबद्ध तरीके से काम किया जाता है, इसमें भारतीय चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तिथि की घोषणा, जिससे राजनैतिक दलों के बीच ''आदर्श आचार संहिता" लागू होती है, से लेकर परिणामों की घोषणा और सफल उम्मीदवारों की सूची राज्य या केंद्र के कार्यकारी प्रमुख को सौंपना शामिल होता है। परिणामों की घोषणा के साथ चुनाव प्रक्रिया का समापन होता है और नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होता है।
